Paper Code: 104

Total Pages : 4

D.El.Ed–I/3/17

हिंदी भाषा-शिक्षण

Language Education (Hindi)

Time : 3 Hours
समय : 3 घंटे

Maximum Marks : 75
अधिकतम अंक : 75

सामान्य निर्देश :

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न पत्र के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के प्रश्नों (दस अंक) के लिए आपसे अपेक्षा है कि उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखिए तथा भाग-II के प्रश्नों (5 अंक) का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए।

भाग-I

1. व्याकरण शिक्षण से आप क्या समझते हैं? व्याकरण शिक्षण के महत्व को सोदाहरण समझाइए? (2+8=10)

2. नौखिक अभिव्यक्ति की संकल्पना स्पष्ट कीजिए तथा मौखिक अभिव्यक्ति के उद्देश्यों को सूचीबद्ध करते हुए अच्छे वक्ता के गुणों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए? (2+3+5=10)

अथवा

लेखन कौशल से क्या अभिप्राय है? लेखन कौशल की किन्हीं तीन विधियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए? (2+8=10)

3. गद्य शिक्षण की संकल्पना स्पष्ट करते हुए गद्य शिक्षण के महत्त्व पर प्रकाश डालिए तथा गद्य शिक्षण की किन्हीं तीन विधियों को सोदाहरण समझाइए? (2+2+6=10)

अथवा

छात्रों के लिए काव्य शिक्षण क्यों ज़रुरी है? छात्रों में काव्य पठन के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए आप कौन-कौन सी विधियाँ अपनाएँगे? सोदाहरण समझाइए। (3+7=10)

4. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की संकल्पना स्पष्ट कीजिए। प्राथमिक स्तर पर भाषा का मूल्यांकन करते समय आप कौन-कौन सी रचनात्मक विधियों का प्रयोग करेंगे और क्यों? तर्क सहित उत्तर दीजिए? (2+8=10)

अथवा

शैक्षिक निदान एवं सुधार से क्या तात्पर्य है? उपचारात्मक शिक्षण के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाइए। (1½+1½+7=10)

5. शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग ज़रुरी क्यों है? भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए आप किस-किस तरह की शिक्षण-सामग्री का प्रयोग करेंगे? और क्यों? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। (2+4+4=10)

भाग-II

6. निम्नलिखित का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (1x5=5)

क) निम्नलिखित शब्दों का सन्धिविच्छेद कीजिए- (1)
सदैव, गिरीश

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए- (1)
संयम, उत्कर्ष

(ग) निम्नलिखित उपसर्गों का प्रयोग करते हुए एक-एक शब्द बनाइए-
अनु, अभि
(1)

(घ क्रिया विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए? (1)

(ड.) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए- (1)
सुनार, आग

अथवा

अर्थ के आधार पर वाक्यों के कोई पाँच प्रकार उदाहरण सहित लिखिए?
(5)

7. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए- (2+3=5)

क) अच्छे श्रोता के गुण।

ख) सम्प्रेषण कौशल को बढ़ाने वाले कारक।

8. गद्य की किन्हीं दो विधाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए?
(2½+2½=5)

9. कक्षा चार के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी विषय का प्रश्न पत्र निर्माण कीजिए।
(5)

10. जन संचार के कौन-कौन से प्रमुख माध्यम हैं? जन संचार के माध्यमों को भाषा के विकास में किस प्रकार प्रयोग किया जा सकता है? सोदाहरण समझाइए। (2+3=5)

अथवा

पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आशय स्पष्ट कीजिए? पाँचवी कक्षा के विद्यार्थियों में भाषा का विकास करने हेतु किन्हीं छः पाठ्य सहगामी क्रियाओं पर चर्चा कीजिए? (2+3=5)